लिबर्टी शूज़ लिमिटेड

LIBERTY

सीआईएन: L19201HR1986PLC033185
पंजीकृत कार्यालय: लिबर्टीपुरम, 13वां माइलस्टोन, जी.टी. करनाल रोड, कुटेल पी.ओ. बस्तरा, जिला - करनाल - 132114, हरियाणा
कॉरपोरेट ऑफिस: 19वां तल, मेग्रम ग्लोबल पार्क, टावर-2, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर-58, गुरुग्राम-122011, हरियाणा
दूरभाष: +(91)-0124-4616200 फैक्स: +(91)-0124-4616222
ई-मेल: investorcare@libertyshoes.com, वेबसाइट: www.libertyshoes.com

लिबर्टी शूज़ लिमिटेड के सदस्यों को सूचना

(क) वार्षिक आम बैठक

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एम सी ए) ने 8 अप्रैल 2020, 13 अप्रैल 2020, 5 मई 2020, 13 जनवरी 2021, 8 दिसम्बर 2021, 14 दिसम्बर 2021, 5 मई 2022, 28 दिसम्बर 2022, 25 सितम्बर 2023, 19 सितम्बर 2024 और 22 सितम्बर 2025 को परिपत्र संख्या 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021, 21/2021, 02/2022, 10/2022, 09/2023 ,09/2024 और 3/2025 (एम सी ए परिपत्र) और कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के परिपत्रों के तहत, कम्पनी के निदेशक मंडल ने कम्पनी के सदस्यों की 40वीं वार्षिक आम बैठक (40वीं ए जी एम) मंगलवार 29 सितम्बर 2026 को प्रातः 11.00 बजे, एक आम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीसी/ओए वी एम के माध्यम से करने का फैसला लिया है।

उपरोक्त प्रावधानों तथा परिपत्रों का पालन करने के लिए 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट, तथा 40वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, 40वीं वार्षिक आम बैठक में वी सी/ओ ए वी एम के माध्यम से शामिल होने के लिए तथा 40वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में दिए गए संकल्पों पर मतदान करने के लिए कम्पनी के उन सदस्यों को जिनकी ई मेल पहले से ही कम्पनी या कम्पनी के रजिस्ट्रार तथा शेयर ट्रांसफर एजेंट या उनके संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डी पी) के साथ शुक्रवार 28 अगस्त 2026 को पंजीकृत है, ई मेल के माध्यम से उन सभी सदस्यों को गुरुवार 03 सितंबर 2026 को भेज दिया गया है। इसके अलावा, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) (तृतीय संशोधन) विनियम, 2024 दिनांक 13 दिसम्बर, 2024 द्वारा संशोधित सूचीबद्धता विनियमों के विनियम 36(1)(बी) के अनुपालन में, एक पत्र में सटीक पाथ सहित वेब लिंक दिया गया है, जहाँ वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 का पूरा विवरण और 40वीं ए जी एम की सूचना गुरुवार 03 सितंबर 2026 को उन शेयर धारकों को भेजी गई है, जिनकी ईमेल आईडी कम्पनी/आर टी ए/डिपॉजिटरी प्रतिभागी (यों) के साथ पंजीकृत नहीं है।

40वीं वार्षिक आम बैठक में सदस्य केवल वी सी/ओ ए वी एम के माध्यम से ही शामिल हो सकते हैं। तथा वे ही अधिनियम की धारा 103 के अन्तर्गत कोरम के लिए मान्य होंगे।

40वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट (www.libertyshoes.com), स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा www.nseindia.com कम्पनी के रजिस्ट्रार तथा शेयर ट्रांसफर एजेंट की वेबसाइट instavote.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध है।

(ख) सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण पुस्तक का बंद होना

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 के प्रावधानों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूची निर्धारण तथा प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम 2015 के विनियमन 42 के अनुपालन में एतद्द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण पुस्तकें बुधवार 23 सितम्बर 2026 से मंगलवार 29 सितम्बर 2026, (दोनों दिवस सम्मिलित) तक कम्पनी की 40वीं वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य से बंद रहेंगे।

(ग) ई-वोटिंग (ई मतदान)

कम्पनी अधिनियम 2013, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एम सी ए) तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के प्रावधानों तथा परिपत्रों तथा सेक्रेटेरियल स्टैंडर्ड 2 (SS-2) के प्रावधानों के अनुसार, सभी सदस्य जिनका नाम कट ऑफ तिथि अर्थात् मंगलवार 22 सितम्बर 2026, को सदस्यों लाभ भोगी स्वामियों के रजिस्टर में शामिल होंगे, वह कम्पनी की 40वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में दिए गए संकल्पों पर मतदान कर सकते हैं।

कम्पनी 40वीं वार्षिक आम बैठक में दिए गए संकल्पों पर मतदान करने के लिए अपने सदस्यों को रिमोट ई वोटिंग (ए जी एम से पूर्व) तथा ई वोटिंग (ए जी एम के दौरान) तथा 40वीं ए जी एम (AGM) में वी सी/ओ ए वी एम के माध्यम से शामिल होने की सुविधा एम यू एफ जी ईन टाईम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा उपलब्ध करा रही है। रिमोट ई वोटिंग शनिवार 26 सितम्बर 2026 को प्रातः 9.00 बजे शुरू होगी और सोमवार 28 सितम्बर 2026 सायं 5.00 बजे समाप्त होगी।

उपरोक्त तिथि तथा समय के बाद रिमोट ई वोटिंग की सुविधा एम यू एफ जी ईन टाईम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अक्षम कर दी जाएगी। जो सदस्य रिमोट ई वोटिंग के दौरान मतदान नहीं कर पाये वे ही 40वीं ए जी एम के दौरान ई वोटिंग के माध्यम से मतदान कर पाएंगे। सदस्य जिनके पास भौतिक रूप में शेयर हैं और उन्होंने अपने ई मेल पते कम्पनी के पास पंजीकृत नहीं करा रखे हैं, वे 40वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट, वी सी/ओ ए वी एम की सुविधा द्वारा 40वीं वार्षिक आम बैठक में शामिल होने के लिए तथा ई वोटिंग के लिए अपना ई मेल पता कम्पनी तथा कम्पनी के रजिस्ट्रार तथा शेयर ट्रांसफर एजेंट के पास पंजीकृत करा सकते हैं। जिसका निवेदन सदस्य अपना नाम, पता, फोलियो संख्या, पैन कार्ड की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि और आधार कार्ड, या अन्य निर्देशित प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित स्कैन प्रतिलिपि समर्थन में कम्पनी को investorcare@libertyshoes.com या कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट को delhi@in.mpms.mufg.com पर भेजें। डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्य जिनके ई मेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने ई मेल पते उपयुक्त विषय में अपनी डी.पी. के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया अनुसार पंजीकृत करा सकते हैं। भविष्य में सूचना भेजने के लिए पंजीकृत ई मेल पते का उपयोग किया जाएगा।

कोई भी व्यक्ति जो कि शेयरों का अधिग्रहण करता है और 40वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना के इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि यानी मंगलवार 22 सितम्बर 2026 को कम्पनी के शेयरों को धारण करता है, वो उपरोक्त उद्देश्य के लिए लॉग-इन-आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए 40वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करे अथवा delhi@in.mpms.mufg.com तथा investorcare@libertyshoes.com पर एक अनुरोध भेज सकता है।

ई-मतदान के संबंध में किसी भी प्रश्न के मामले में सदस्य श्री राजीव रंजन वरिष्ठ सहा उपाध्यक्ष, एम यू एफ जी इनटाइम इंडिया प्रा. लिमिटेड, को उनके ई मेल enotices@in.mpms.mufg.com या 022-49186000 पर फोन करें।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी के सदस्यों की जानकारी और लाभ के लिए जारी की जा रही है। और एम सी ए परिपत्र और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के परिपत्रों के अनुपालन में है।

के लिए और की तरफ से
लिबर्टी शूज़ लिमिटेड

हस्ताक्षर/-
सी एस मुनीष काकरा
मुख्य वित्तीय अधिकारी एवं कम्पनी सचिव
सदस्य संख्या ACS6262

स्थान: गुरुग्राम, हरियाणा
तिथि: गुरुवार, 03 सितम्बर 2026